

# 7 मेहनत का फल

**पाठ-प्रवेश**

हर काम महत्वपूर्ण होता है। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। मेहनत के बल पर व्यक्ति ऊँचाइयों पर पहुँच जाता है। यदि हम मन लगाकर ध्यान से अपना काम करते हैं तभी हमें सफ़लता प्राप्त होती है। बाटा जूता कंपनी के मालिक इसकी मिसाल हैं।

"आन्या, धीरे-धीरे खाना खाओ। आराम से, चबा-चबाकर। खाना कहीं भागा नहीं जा रहा। तुम्हें हर काम की जल्दी लगी रहती है। कोई काम तो ध्यान से किया करो।" माँ ने आन्या को समझाते हुए कहा।

"मधु, क्यों डाँट रही हो इसे! अभी छोटी है, धीरे-धीरे समझ जाएगी।" दादी ने आन्या का पक्ष[1] लेते हुए कहा।

फिर दादी ने आन्या को अपने पास बुलाया और कहा-"आन्या, वैसे तुम्हारी माँ ठीक कहती हैं। अपना हर काम पूरे ध्यान से, मन लगाकर करना चाहिए। चलो, आज मैं तुम्हें एक ऐसे होनहार[2] बालक की सच्ची कहानी सुनाती हूँ, जो अपना हर काम मन लगाकर करता था।"

"दादी, क्या यह सच्ची कहानी है?" आन्या ने पूछा।

"हाँ बिटिया! बिलकुल सच्ची।" दादी ने कहा।

बात पुरानी है। एक दिन एक छोटा-सा बालक छुट्टी के दिन अपने पिता जी के साथ काम पर उनकी मदद करने गया। उसने एक जूते का तला चिपकाया और पिता जी से पूछा-"पिता जी, क्या मैं इसमें कील ठोक दूँ?"

पिता जी ने जवाब दिया-"नहीं बेटा! इतनी जल्दी नहीं। पहले इसे सूखकर चिपक जाने दो। जल्दबाज़ी[3] करने से जूते का तला दो-चार दिनों में ही फिर से अलग हो जाएगा। जो काम करो ढंग से[4] करो, अच्छा करो और पूरी लगन[5] से करो।"

**शब्दार्थ Word Meaning**

1. तरफ़दारी (favour); 2. अच्छे लक्षणों वाला (promising); 3. शीघ्रता (quickness); 4. ठीक प्रकार से (properly); 5. मन लगाकर काम करना (devotion)



इस तरह, छुट्टी के दिन वह बालक अपने पिता जी के साथ जाता और पूरी लगन से काम सीखता। जब वह थोड़ा बड़ा हुआ, तो उसने सड़क के किनारे एक पेड़ के नीचे काम के लिए जगह खोज[6] ली। सड़क पर काफ़ी लोगों का आना-जाना होता था। वह लोगों के जूते पॉलिश करता तथा मरम्मत[7] करता था। वह हर छोटा-बड़ा काम पूरी लगन से करता।

जो कोई उससे एक बार काम करवा लेता, वह हमेशा के लिए उसका ग्राहक[8] बन जाता। धीरे-धीरे उसके काम की प्रशंसा[9] होने लगी। उसके पास काम बहुत था पर जगह की कमी थी, इसलिए उसे बहुत-से लोगों को लौटा देना पड़ता था।

एक दोस्त ने उसे सलाह दी कि सामने बाज़ार में एक दुकान खाली है, उसे किराये पर ले लोगे तो तुम्हारे लिए अच्छा रहेगा। उसने सलाह मानकर दुकान किराये पर ले ली। जूते रखने

**शब्दार्थ** Word Meaning

6. ढूँढ़ना (search); 7. ठीक करना (mending); 8. खरीददार, लेने वाला (customer); 9. तारीफ़ (praise)

के लिए अब स्थान की कमी न रही। मदद के लिए उसने एक-दो आदमी भी रख लिए। काम कितना भी ज़्यादा क्यों न हो, वह जल्दबाज़ी नहीं करता था। पिता जी की सीख को उसने अपने जीवन का मूलमंत्र बना लिया था। वह जितना काम करता, ढंग से करता था।

एक दिन उसकी माँ ने सलाह दी–"बेटा, तुम नए जूते क्यों नहीं बनाते? तुम्हारे बनाए जूते मज़बूत होंगे। तुम्हारा काम अच्छा है, लोग तुम्हारे बनाए जूते खुशी-खुशी खरीद लेंगे।" लड़के के मन में माँ की यह बात बैठ गई।

अपनी थोड़ी-सी जमा-पूँजी[10] से उसने वहीं दुकान पर छोटा-सा कारखाना लगा लिया। उसकी लगन, ईमानदारी और मेहनत के कारण उसके जूतों की प्रसिद्धि बढ़ती गई। जैसे-जैसे लड़का बड़ा होता गया, वैसे-वैसे उसके कारखानों की संख्या भी बढ़ती गई। लोग उसके जूतों को उसी के नाम से जानने लगे। जानती हो, उस लड़के का क्या नाम था?

यह कहकर दादी आन्या को देखने लगीं, जो बहुत ध्यान से कहानी सुन रही थी। "ओह दादी! बताओ न, जल्दी बताओ।" आन्या ने उत्सुकता से पूछा।

दादी बोलीं–"उसका नाम था– बाटा। तुम पहनती हो न बाटा के जूते! आन्या, बाटा जैसा बनने के लिए क्या करना होगा?''

"अपना काम ढंग से और लगन से करना होगा दादी!" आन्या ने कहा।

"बहुत अच्छा, चलो अब सो जाओ।" दादी ने आन्या को गले से लगाते हुए कहा।

*–संकलित*

**शब्दार्थ** Word Meaning

10. जमा किया हुआ धन (capital)

## क्या सीखा

*■ ध्यान से काम करना ■ कर्तव्य-बोध की भावना ■ ईमानदारी, मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त होती है।*

**श्रुतलेख** Dictation जल्दबाज़ी, पॉलिश, मरम्मत, प्रसिद्धि, उत्सुकता

# अभ्यास Exercise

## बात पाठ की

### मुख से

Speaking Skills

Oral Expression

**इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

Answer these questions.



(क) माँ आन्या को क्यों डाँट रही थीं?

(ख) जूते का तला चिपकाकर बालक ने पिता जी से क्या पूछा?

(ग) बाटा किसकी मदद करता था?

### कलम से

Writing Skills

Written Expression

**1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

Write answers to these questions.

(क) बाटा ने काम किससे और कब सीखा?

(ख) पिता की किस सीख को बाटा ने अपना मूलमंत्र बना लिया था?

(ग) बाटा की माँ ने उसे क्या सलाह दी?

(घ) बाटा के जूतों की प्रसिद्धि क्यों बढ़ गई थी?

2. **सही उत्तर पर '✓' का निशान लगाइए।** MCQs

Tick '✓' the correct answer.

(क) बाटा सड़क के किनारे किस स्थान पर बैठता था?

i. फुटपाथ पर ☐ ii. बस स्टॉप के पास ☐

iii. पेड़ के नीचे ☐ iv. बस स्टॉप के सामने ☐

(ख) बाटा को दुकान किराये पर लेने की सलाह दी थी–

i. पिता जी ने ☐ ii. माँ ने ☐

iii. दोस्त ने ☐ iv. दुकान के मालिक ने ☐

(ग) बाटा बहुत-से लोगों को लौटा देता था, क्योंकि उसके पास–

i. जगह की कमी थी ☐ ii. औज़ारों की कमी थी ☐

iii. मज़दूरों की कमी थी ☐ iv. समय की कमी थी ☐

(घ) बाटा के जीवन का मूलमंत्र था–

i. ज्यादा पैसे कमाना ☐ ii. कारखाना लगाना ☐

iii. ईमानदारी और मेहनत से काम करना ☐ iv. सभी सही हैं। ☐

## पाठ से आगे

Analytical Skills

कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, महत्वपूर्ण है कि काम कैसे किया गया है। आपने अपने किन-किन कामों को परिश्रम और लगन से महत्वपूर्ण बनाया है? लिखिए।

## बात भाषा की

Language Skills

1. **पढ़िए, समझिए और लिखिए।** Compound Consonants

Read, understand and write.

(क) च् + च – च्च – कच्चा .................... ....................

(ख) ट् + ट – ट्ट – छुट्टी .................... ....................

(ग) म् + म – म्म – हिम्मत .................... ....................

(घ) ल् + ल – ल्ल – बिल्ली .................... ....................

## 2. नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़िए। Tense

- बालक लोगों के जूते साफ़ करता था।
- दादी कहानी सुनाती हैं।
- मोची जूतों की मरम्मत करेगा।

पहले वाक्य में काम हो चुका है, दूसरे वाक्य में काम हो रहा है तथा तीसरे वाक्य में काम होगा।

काम किस समय हुआ, इसे बताने का काम **काल** करता है।

- भूत काल (Past Tense)–जो बीत चुका। – था, थे, थी।
- वर्तमान काल (Present Tense)–जो चल रहा है। – है, हूँ, हो।
- भविष्यत काल (Future Tense)–जो होगा। – गा, गे, गी।

### नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के काल लिखिए।

Write the tenses of underline words.

(क) माँ बालक को खाना खिलाती हैं। – ..............................

(ख) रोहन जाग रहा था। – ..............................

(ग) फलवाला कल फल लाएगा। – ..............................

## 3. शब्दों का खेल

**रेखांकित शब्दों के स्थान पर कौन-सा नया शब्द प्रयोग किया जा सकता है? गोला (◯) लगाकर बताइए।** Synonyms

Circle (◯) the words that can be used in place of underlined words.

(क) लोग उसकी प्रशंसा करते थे।

i. प्रेम ii. तारीफ़ iii. निंदा iv. घृणा

(ख) तुम्हारी माँ ठीक कहती हैं।

i. सही ii. गलत iii. बुरा iv. गड़बड़

(ग) जो काम करो ढंग से करो।

i. बेकार ii. गंदा iii. ठीक से iv. साफ़

(घ) पिता जी की सीख को उसने अपने जीवन का मूलमंत्र बना लिया।

i. शिक्षा ii. अनुभव iii. जानकारी iv. विचार

4. दिए गए विशेषण शब्दों के लिए संज्ञा शब्द लिखिए। Noun

Write noun words for the given adjectives.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) सच्ची | दोस्ती | (ख) छोटा | ................ |
| (ग) होनहार | ................ | (घ) एक | ................ |
| (ङ) पुरानी | ................ | (च) छोटा-सा | ................ |

## रचनात्मक अभिव्यक्ति Creative Expression

### बात मन की

Creative Writing

इनके बारे में दो-दो वाक्य लिखिए। बताइए कि कौन-सी विशेष बात इन सबमें समान है।



................................................................................

................................................................................



................................................................................

................................................................................



................................................................................

................................................................................

### हँसते-गाते

Joyful Learning

1. लोगो (Logo) पहचानकर जूते बनाने वाली इन कंपनियों के नाम पता करके लिखिए।

Experiential Learning Activity

................ ................ ................

................ ................ ................

2. आप स्कूल में कैसे जूते पहनते हैं और पार्टी में कैसे; चित्र बनाकर बताइए।

Art Integrated Activity